# भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर

सम्पदा कार्यालय (कक्ष सं0 101, संकाय भवन, फोन नं 0512–259–7166)

## नीलामी सूचना संख्या . 06/2019–20

दिनांक 08/11/2019

निदेशक, भा0 प्रौ0सं0 कानपुर की ओर से संस्थान के टाइप–V के निकट स्थित आंवले के बाग में आंवला फलों की नीलामी हेतु मुहरबंद निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं।

| क0सं0 | फल का नाम | पेड़ों की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | आंवला | 16 नग |

इच्छुक व्यक्ति पूर्ण रूप से भरी गई निविदा संस्थान के सम्पदा कार्यालय में दिनांक 19/11/2019 को अपराह्न 3:00 बजे तक जमा कर सकते हैं। इसके उपरान्त प्राप्त की गई निविदाओं पर विचार नहीं किया जाएगा। प्राप्त निविदााएँ दिनांक 19/11/2019 को अपराह्न 4:00 बजे सम्पदा कार्यालय में खोली जाएंगी।

निविदा प्रपत्र संस्थान की वैबसाइट www.iitk.ac.in/estateoffice/tender से डाउनलोड किया जा सकता है।

ह0/-
सहायक कुलसचिव एवं
प्रभारी अधिकारी (सम्पदा कार्यालय)

प्रतिलिपिः

1. उपनिदेशक
2. डीन, प्रशासन/अध्यक्ष,सीईएमएमसी
3. अधीक्षण अभियंता, संस्थान निर्माण विभाग
4. प्रभारी, उद्यान इकाई,–व्यापक प्रचार हेतु
5. सूचना पट्ट
6. वैबसाइट

## पात्रता सम्बन्धी शर्तेः–

1. निविदाकार पिछले तीन वर्षो से इस प्रमकार के फलों की खरीद व बिकी का कार्य कर रहा हो।
2. निविदादाता की वित्तीय स्थिति बेहतर होनी चाहिए।

## निविदा सम्बन्धित अनिवार्य संलग्नकः

1. आधार कार्ड की छायाप्रति
2. पिछले एक साल का बैंक विवरण
3. आयकर पंजीकरण प्रमाणपत्र/पैन नम्बर की छायाप्रति

## नीलामी के नियम व शर्तें

1. उक्त नीलामी केवल वित्तीय वर्ष 2019–20 की आंवला फलों के लिए है।
2. नीलामी में भाग लेने के इच्छुक निविदादाता, निविदा प्रपत्र के साथ रू0 5,000/– का बैंक ड्राफ्ट 'रजिस्ट्रार, आई.आई.टी. कानपुर' के नाम बयाने के रूप में संलग्न करना अनिवार्य है। जो भी निविदादाता रू0 5,000/– का बैंक ड्राफ्ट बयाने की राशि के रूप में संलग्न नहीं करेगा उसकी निविदा पर विचार नहीं किया जाएगा।
3. इच्छुक निविदादाता संस्थान के सम्पदा कार्यालय में सम्पर्क कर दिनांक 13/11/2019 और 18/11/2019 को पूर्वाह्न 11:00 बजे से अपराह्न 5:00 बजे के मध्य उक्त आंवला बाग का निरीक्षण कर सकते हैं।
4. इच्छुक निविदादाता पूर्ण रूप से भरी हुई निविदा को सम्पदा कार्यालय में दिनांक 19/11/2019 को अपराह्न 3:00 बजे तक जमा कर सकते है। इसके उपरान्त प्राप्त की गई निविदाओं पर विचार नहीं किया जाएगा। प्राप्त निविदाएँ दिनांक 19/11/2019 को अपराह्न 4:00 बजे सम्पदा कार्यालय में खोली जाएंगी।
5. नीलामी सफल उच्चतम बोली लगाने वाले निविदादाता को दी जाएगी।
6. सफल निविदादाता को नीलामी की धनराशि संस्थान में ड्राफ्ट या किसी अन्य डिजिटल भुगतान (digital payment) के माध्यम से नीलामी के दो दिनों के अंदर जमा करना होगा। अन्यथा की स्थिति में, बयाने की राशि जब्त कर अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।
7. सफल उच्चतम बोली लगाने वाले निविदादाता को नीलामी में प्राप्त आंवला फलों को, नीलामी की धनराशि संस्थान में जमा करने के उपरान्त, तोड़ने व ले जाने की अनुमति प्रदान की जाएगी।
8. नीलामी के पश्चात फलों की रखवाली की जिम्मेदारी स्वयं निविदादाता की होगी।
9. नीलामी के दौरान या पश्चात किसी दैवीय आपत्ति के कारण फलों को कोई नुकसान पहुँचता है तो इसकी जिम्मेदारी संस्थान की नहीं होगी।

____________________

निविदादाता के हस्ताक्षर

10. यदि निविदादाता द्वारा आंवला के वृक्षों को किसी प्रकार की हॉनि होती है तो उसकी निविदा को तत्काल रद्द कर उसके विरूद्ध उचित कार्यवाही की जाएगी।

11. आंवला तोड़ने के पश्चात एक दिन के लिए संस्थान में मार्केट रेट से 25 प्रतिशत छूट पर आंवला बेचना अनिवार्य होगा।

12. जीएसटी @ 18% या मौजूदा सरकारी दरों के अनुसार निविदादाता को अतिरिक्त देय होगा। कोई अन्य कर जो लागू हो का भुगतान भी निविदादाता को अतिरिक्त देय होगा।

13. सफल निविदादाता प्राप्त टेण्डर को उप–पट्टे पर नहीं दे सकता। इस कार्यालय को निविदा के उप–पट्टे के बारे में पता होने की स्थिति में, पूरी राशि नियमों के अनुसार जब्त कर ली जायेगी।

14. चोरी/छुटपुट चोरी/प्राकृतिक आपदाओं/पक्षियों/जानवरों/कीड़ों इत्यादि से होने वाले नुकसान के लिये संस्थान की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी और न ही ऐसे मामले में पैसे वापस किये जायेंगे।

15. निविदादाता द्वारा फलों को पेड़ से तुड़वाने का कार्य स्वयं के मजदूरों द्वारा कार्यदिवस में बाग के प्रभारी/पर्यवेक्षक की देख–रेख में किया जायेगा।

16. निविदादाताओं द्वारा जमा किए गए बयाने की राशि का ड्राफ्ट नीलामी सम्बन्धित प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरान्त वापस किया जाएगा।

17. संस्थान के पास पूर्ण अधिकार सुरक्षित है कि वह किसी अथवा सभी निविदा व बोली को बिना कारण बताए स्वीकार करें अथवा न करें।

--- ह0/- ---

सहायक कुलसचिव एवं
प्रभारी अधिकारी, सम्पदा कार्यालय

मैने उपरोक्त नीलामी की सभी नियम एवं शर्ते पढ़ ली हैं तथा यह सभी मुझे पूर्णतया मान्य है इस नीलामी के सम्बन्ध में संस्थान निदेशक का निर्णय सभी निविदादाताओं को समान रूप से मान्य होगा।

निविदा देने की तारीखः ......................................

निविदादाता का छायाचित्र

.............................................................

निविदादाता के हस्ताक्षर
निविदादाता का पूरा नाम व पता
(पिन कोड एवं फोन/मोबाइल नं0 सहित)

...........................................................................
...........................................................................
...........................................................................

निविदादाता के हस्ताक्षर

सेवा में,
सहायक कुलसचिव व
प्रभारी अधिकारी, सम्पदा कार्यालय
भा0प्रौ0सं0 कानपुर

विषय– संस्थान के टाइप–V के निकट स्थित आंवला बाग में आंवला फलों की नीलामी हेतु निविदा।

महोदय,

मै नीलामी सूचना संख्या 06/2019–20 दिनॉकः 08/11/2019 के सम्बन्ध में अपनी निविदा आपके विचारार्थ प्रस्तुत करता हूँ।

निविदादाता का नाम ..........................................................................

पिता का नाम ......................................................................................

आयु ..................................................................................................

पूरा पता ............................................................................................

..........................................................................................................

क्या आपने रू0 5,000/– का बैंक ड्राफ्ट बयाने की राशि के रूप में इस निविदा के साथ संलग्न किया है? हॅां/नहीं

यदि हॅां तो ड्राफ्ट सं0 ...................... दिनांक ......................... एवं बैंक का नाम ............................

उक्त नीलामी की राशि जो आप उपरोक्त आंवला फलों की खरीद हेतु देना चाहते हैं।

(अंकों में) .........................................................................................................

(शब्दों में) .........................................................................................................

मुझे संस्थान द्वारा रखी गई सभी शर्ते जिसमें निविदाओं का अस्वीकृत होना भी सम्मिलित है मान्य है।

दिनांक ............................

निविदादाता के हस्ताक्षरः .....................................

निविदादाता का नामः ............................................

टेलीफोन/मोबाइल नं0: ....................................

निविदादाता के हस्ताक्षर